**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**
**संख्या- 209 /05/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2025/01-परीक्षा/2025**

लखनऊ : दिनांक : 18 नवम्बर, 2025

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2025, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-PET)-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 06.09.2025 एवं 07.09.2025 को प्रदेश के 48 जनपदों के 1479 परीक्षा केन्द्रों पर चार पालियों (प्रति दिवस दो पाली) में आयोजित की गयी थी। तदुपरांत आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 09.09.2025 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी एवं आवश्यक सूचना दिनांक 11.09.2025 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी पर आपत्ति (यदि कोई हो) दर्ज कराये जाने हेतु लिंक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था।

उपरोक्तानुसार दिनांक 09-09-2025 को अपलोड की गयी उत्तर कुंजी के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के फलस्वरूप प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के मास्टर सेट की तिथि व पालीवार संशोधित उत्तर कुंजी (विवरणात्मक) अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गई है।

संलग्नक- यथोपरि।

18.11.2025
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

## उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

## विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2025

## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2025

## संशोधित उत्तर कुंजी (मास्टर सेट)

| परीक्षा तिथि : 06-09-2025 | पाली : द्वितीय |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 1. | जो विशेषण शब्द विशेषणों की विशेषता बताते हैं, उसे क्या कहते हैं ?<br>**प्रविशेषण** |
| 2. | 'कश्मीरी सेब' कहानी के कहानीकार कौन है ?<br>**प्रेमचंद** |
| 3. | उपकार को मानने वाले को __________ कहते हैं ।<br>**कृतज्ञ** |
| 4. | 'डंडा' तद्भव शब्द है, उसका तत्सम शब्द _____ है ।<br>**दंड** |
| 5. | 'शरीरिक' एक अशुद्ध शब्द है, निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द का चयन कीजिए ।<br>**शारीरिक** |
| | **निर्देश (प्र.सं. 6 – 10) :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br>सैन्य संचालक और राणा का प्रतिनिधित्व  करने वाले महारावत बाघसिंह की तलवार धूप में दामिनी-सी चमकी और वे गरज उठे–''हम बादशाह का सामना नहीं कर पाएँगे क्योंकि उसके पास बड़ी सेना है । ऐसी स्थिति में हमें केसरिया बाना पहन लेना चाहिए और दुर्ग की वीर ललनाओं को जौहर व्रत करने के लिए प्रेरित करना चाहिए ।''<br>यह सुनते ही हाड़ी राणी ने सगर्व कहा–''हम जौहर करेंगी । कोई भी शत्रु हमारे नारीत्व-सतीत्व को कलंकित करे, इससे पहले हम मरना ठीक समझेंगी ।''<br>महारावत तथा अन्य सरदारों को इससे संतोष हुआ । और वे निश्चिन्त हो गए । उन्होंने केसरिया बाना पहन लिया । वीर ललनाओं ने अग्नि-कुंड में बारूद तथा आग को प्रज्वलित करने वाली दूसरी सामग्रियाँ डालीं । कितना दारुण दृश्य था–हजारों नारियाँ और कुँवारी कन्याएँ ....<br>एक कुँवारी कन्या ने कहा–''माँ सा, हम जीते जी अग्नि-कुंड में क्यों प्रवेश करती हैं ?''<br>''मर्यादा की रक्षा के लिए ।''<br>''क्या हम युद्ध करती हुई नहीं मर सकतीं ?''<br>उस नारी ने अहंकार से कहा–''मर सकती हैं, क्षत्राणी का धर्म भी युद्ध करते हुए मरना है । त्याग ही उनका गौरव है पर उसमें जीवित रूप में पकड़े जाने का भी अंदेशा है, तब... ?'' |

REVISED ANSWERS



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | ''ओह !'' कुँवारी कन्या ने कहा – ''मर्यादा से तो मृत्यु भली है । चलिए, माँ सा, हम सब अपनी आन पर उत्सर्ग हों ।'' एक युवती एक राणी से पूछ रही थी – ''इस युद्ध को बंद करा दीजिए । यह युद्ध कितना भयंकर होता है, कितना बीभत्स होता है, इसमें कितनी घृणा है, क्या मनुष्य प्रेम से नहीं रह सकता ?''<br>''युद्ध अपने स्थान पर श्रेष्ठ लगता है और प्रेम अपने स्थान पर । आज चित्तौड़ पर विपत्ति आई हुई है, उसकी मान-मर्यादा के गौरव को खतरा है; ऐसे समय प्रेम की बात या युद्ध बंद करने की बात हास्यास्पद लगती है । अभी सिर्फ युद्ध की बात करो, शत्रु-संहार की बात करो, उत्सर्ग की बात करो । हम जौहर व्रत करके अपने नरसिंहों को निश्चिन्त करा देंगी ।'' |
| 6. | सैन्य संचालक और महारावत बाघसिंह क्या पहनकर युद्ध रंग में जाने की बातें करने लगते हैं ?<br>**केसरिया बाना** |
| 7. | एक कुँवारी कन्या जौहर से पहले अपनी माँ से क्या पूछती है ?<br>**हम जीते जी अग्नि–कुंड में क्यों प्रवेश करती हैं ?** |
| 8. | महारावत और अन्य सरदारों को क्यों संतोष हुआ ?<br>**जब हाड़ी राणी गर्व से जौहर के लिए तैयार हो जाती है ।** |
| 9. | कुँवारी कन्या मर्यादा से मृत्यु को ही क्यों भली मानती है ?<br>**अगर युद्ध करते समय जीवित पकडे जाने पर जो हालात होगी, उससे बचने के लिए ।** |
| 10. | ''इस युद्ध को बंद करा दीजिए । यह युद्ध कितना भयंकर होता है ।'' इस वाक्य को किसने किससे कहा ?<br>**एक युवती ने राणी से** |
| | **निर्देश ( प्र.सं. 11 – 15) :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br>'क' कई महीने बाद आये थे । सुबह चाय पीकर अखबार देख रहा था कि वे तूफान की तरह कमरे में घुसे, 'साइक्लोन' की तरह मुझे अपनी भुजाओं में जकड़ा तो मुझे धृतराष्ट्र की भुजाओं में जकड़े भीम के पुतले की याद आ गयी । यह धृतराष्ट्र की ही जकड़ थी । अंधे धृतराष्ट्र ने टटोलते हुए पूछा, 'कहाँ है भीम ? आ बेटा, तुझे कलेजे से लगा लूँ ।' और जब भीम का पुतला उनकी पकड़ में आ गया तो उन्होंने प्राणघाती स्नेह से उसे जकड़कर चूर कर डाला ।<br>ऐसे मौके पर हम अक्सर अपने पुतले को अंकवार में दे देते हैं, हम अलग खड़े देखते रहते हैं । 'क' से क्या मैं गले मिला ? क्या मुझे उसने समेटकर कलेजे से लगा लिया ? हरगिज नहीं । मैंने अपना पुतला ही उसे दिया । पुतला इसलिए उसकी भुजाओं में सौंप दिया कि मुझे मालूम था कि मैं धृतराष्ट्र से मिल रहा हूँ । पिछली रात को एक मित्र ने बताया कि 'क' अपनी ससुराल आया है और 'ग' के साथ बैठकर शाम को दो-तीन घंटे तुम्हारी निन्दा करता रहा । इस सूचना के बाद जब आज सबेरे वह मेरे गले लगा तो मैंने शरीर से अपने मन को चुपचाप खिसका दिया और निःस्नेह, कँटीली देह उसकी बाँहों में छोड़ दी । भावना के अगर काँटे होते तो उसे मालूम होता कि वह नागफनी को कलेजे से चिपटाये है । छल का धृतराष्ट्र जब आलिंगन करे, तो पुतला ही आगे बढ़ाना चाहिए ।<br>पर वह मेरा दोस्त अभिनय में पूरा है । उसके आँसू भर नहीं आये, बाकी मिलन के हर्षोल्लास के सब चिन्ह प्रकट हो गये–वह गहरी आत्मीयता की जकड़, नयनों से छलकता वह असीम स्नेह और वह स्नेहसिक्त वाणी । |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | बोला, 'अभी सुबह की गाड़ी से उतरा और एकदम तुमसे मिलने चला आया, जैसे आत्मा का एक खण्ड दूसरे खण्ड से मिलने को आतुर रहता है ।' आते ही झूठ बोला कम्बख्त । कल का आया है, यह मुझे मेरा मित्र बता गया था । इस झूठ में कोई प्रयोजन शायद उसका न रहा हो । कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं । वे आदतन, प्रकृति के वशीभूत झूठ बोलते हैं । उनके मुख से निष्प्रयास, निष्प्रयोजन झूठ ही निकलता है । मेरे एक रिश्तेदार ऐसे हैं । वे अगर बम्बई जा रहे हैं और उनसे पूछे, तो वे कहेंगे, 'कलकत्ता जा रहा हूँ ।' |
| 11. | जब 'क' ने लेखक जी को अपने बाहों में जकड़ा तो उन्हें किस तरह का एहसास हुआ ?<br>**धृतराष्ट्र की भुजाओं में जकड़े भीम के पुतले की याद आयी।** |
| 12. | पिछली रात उनके एक मित्र ने 'क' के बारे में क्या कहा था ?<br>**'क' ने 'ग' के साथ मिलकर लेखक जी की निंदा की थी।** |
| 13. | पिछली रात 'क' कहाँ पर आया हुआ था ?<br>**अपनी ससुराल में** |
| 14. | जब 'क' लेखक जी से मिलने आता है तो लेखक जी ने उसके साथ क्या किया ?<br>**लेखक जी ने शरीर से अपने मन को खिसकाकर निःस्नेह कँटीली देह को उसके बाँहों में छोड़ा था।** |
| 15. | लेखक जी के एक रिश्तेदार बम्बई जा रहे हैं और उनसे पूछे, तो वे क्या कहेंगे ?<br>**कलकत्ता जा रहा हूँ।** |
| 16. | निम्नलिखित में से कौन-सी धातु हड़प्पा सभ्यता के लोगों द्वारा ज्ञात या उपयोग नहीं की गई थी ?<br>**लोहा**<br>Which of the following metals was not known or used by the people of the Harappan Civilization ?<br>**Iron** |
| 17. | छांदोग्य उपनिषद स्पष्ट रूप से निम्नलिखित में से किस आश्रम को संदर्भित करता है ?<br>**ब्रह्मचर्य, गृहस्थ और वानप्रस्थ**<br>The Chhandogya Upanishad clearly refers to which of the following ashramas ?<br>**Brahmacharya, Grihastha and Vanaprastha** |
| 18. | त्रिपिटक के किस भाग में बुद्ध की पारंपरिक शिक्षाएँ हैं ?<br>**सुत्त पिटक**<br>Which part of the Tripitaka contains the conventional teachings of the Buddha ?<br>**Sutta Pitaka** |



परीक्षा नियंत्रक उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ

| | |
|---|---|
| 19. | 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ से जुड़ा प्रतीक क्या है ?<br>**साँप**<br>What is the symbol associated with Parshvanatha, the 23rd Tirthankara ?<br>**Snake** |
| 20. | रुद्रदामन के गिरनार शिलालेख में सुदर्शन झील का उल्लेख है, जिसका निर्माण किस मौर्य शासक के शासनकाल में हुआ था ?<br>**चंद्रगुप्त मौर्य**<br>The Girnar Rock Inscription of Rudradaman refers to Sudarshan Lake, constructed during the reign of which Mauryan ruler ?<br>**Chandragupta Maurya** |
| 21. | 'इकॉनॉमिक हिस्टरी ऑफ इंडिया' पुस्तक किसके द्वारा प्रकाशित की गई थी ?<br>**आर.सी. दत्त**<br>The book 'Economic History of India' was published by<br>**R. C. Dutt** |
| 22. | 'भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन' के रूप में किसे जाना जाता है ?<br>**दादाभाई नवरोजी**<br>Who is known as 'Grand Old Man of India' ?<br>**Dadabhai Naoroji** |
| 23. | भारत छोड़ो प्रस्ताव कब पारित किया गया था ?<br>**अगस्त 1942**<br>Quit India Resolution was passed in<br>**August 1942** |
| 24. | सुभाष चंद्र बोस को भारतीय स्वतंत्रता लीग की अध्यक्षता किसने सौंपी ?<br>**रास बिहारी बोस**<br>Who handed over the Presidentship of Indian Independence League to Subhas Chandra Bose ?<br>**Rash Behari Bose** |

REVISED ANSWERS

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 25. | 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना किसने की ?<br>**सुभाष चंद्र बोस**<br>Who founded the 'Forward Bloc' ?<br>**Subhas Chandra Bose** |
| 26. | तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी को _______ कहा जाता है ।<br>**त्सांगपो**<br>The Brahmaputra River is called ________ in Tibet.<br>**Tsangpo** |
| 27. | निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य भूजल के अति-दोहन की सबसे गंभीर समस्या का सामना कर रहा है ?<br>**पंजाब**<br>Which of the following States faces the most serious issue of groundwater over-exploitation ?<br>**Punjab** |
| 28. | रेगिस्तानी पौधों में निम्नलिखित में से कौन-सा अनुकूलन सामान्य है ?<br>**जल भंडारण के लिए मोटे तने**<br>Which of the following adaptations is common in desert plants ?<br>**Thick stems for water storage** |
| 29. | निम्नलिखित में से कौन-से वन खारे पानी के अनुकूल हैं ?<br>**मैंग्रोव**<br>Which of the following forests are adapted to saline water ?<br>**Mangrove** |
| 30. | किसी देश के छोटे, अक्सर शत्रुतापूर्ण इकाइयों में विभाजन को कौन-सा शब्द दर्शाता है ?<br>**बाल्कनीकरण**<br>What term describes the splitting of a country into smaller, often hostile units ?<br>**Balkanization** |
| 31. | ''कंडिशन्स ऑफ इकॉनॉमिक प्रोग्रेस'' – यह कार्य किसके द्वारा किया गया ?<br>**कॉलिन क्लार्क**<br>*"Conditions of Economic Progress"* - This work was done by<br>**Colin Clark** |

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 32. | भारत में विकास का LPG मॉडल _______ में प्रस्तुत किया गया था ।<br>**1991**<br>LPG Model of development was introduced in India in<br>**1991** |
| 33. | *"डेवलपमेंट प्लानिंग-द इंडियन एक्स्पीरियन्स"* पुस्तक _______ द्वारा लिखी गई थी ।<br>सुखमय चक्रवर्ती<br>*"Development Planning – the Indian Experience"* book was written by<br>**Sukhamoy Chakravarty** |
| 34. | भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ था ?<br>**1986**<br>Consumer Protection Act in India was passed in the year<br>**1986** |
| 35. | भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है<br>कृषि<br>The backbone of the Indian Economy is<br>**Agriculture** |
| 36. | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 57 के अनुसार कोई व्यक्ति जो _______ के रूप में पद धारण करता है, या जिसने पद धारण किया है, इस संविधान के अन्य प्रावधानों के अधीन, उस पद पर पुनः-चुनाव के लिए पात्र होगा ।<br>राष्ट्रपति<br>According to Article 57 of the Indian Constitution a person who holds, or who has held, office as _______ shall, subject to the other provisions of this Constitution, be eligible for re-election to that office.<br>**President** |
| 37. | _______ का अर्थ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243Q के अंतर्गत गठित स्वशासन की संस्था है ।<br>नगरपालिका<br>_______ means an institution of self-government constituted under Article 243Q of the Constitution of India.<br>**Municipality** |

REVISED ANSWERS



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | | |
|---|---|---|
| 38. | ________ देश में एक से अधिक स्तर की सरकार के अस्तित्व को दर्शाता है ।<br>संघवाद<br>________ refers to the existence of more than one level of Government in the country.<br>**Federalism** |
| 39. | प्रश्न काल और दिन के एजेंडे के बीच के समय अंतराल को _______ कहा जाता है ।<br>शून्य काल<br>The time gap between the question hour and the agenda of the day is called<br>**Zero hour** |
| 40. | भारतीय संविधान की अनुच्छेद 129 के तहत, _________ को अभिलेख का न्यायालय घोषित किया गया है ।<br>सर्वोच्च न्यायालय<br>Under Article 129 of the Indian Constitution, the ________ has been declared as a Court of Record.<br>**Supreme Court** |
| 41. | विभवान्तर मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है ?<br>वोल्टमीटर<br>Which instrument is used to measure potential difference ?<br>**Voltmeter** |
| 42. | 2 एम्पियर विद्युत धारा प्रवाहित करने वाले तार के दो बिंदुओं के बीच विभवांतर 0.1 वोल्ट है । इन बिंदुओं के बीच प्रतिरोध क्या है ?<br>0.05 ओम<br>Potential difference between two points of a wire carrying 2 ampere current is 0.1 volt. What is the resistance between these points ?<br>**0.05 ohm** |
| 43. | जब रासायनिक अभिक्रिया ऊष्मा ऊर्जा को अवशोषित करती है तो अभिक्रिया मिश्रण के तापमान पर क्या प्रभाव पड़ता है ?<br>तापमान गिरता है<br>What happens to the temperature of a reaction mixture when a chemical reaction absorbs heat energy ?<br>**The temperature falls** |
| 44. | प्राकृतिक गैस के जलने को ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया के रूप में क्यों वर्गीकृत किया जाता है ?<br>क्योंकि इस अभिक्रिया में ऊष्मा उत्पन्न होती है<br>Why is burning of natural gas classified as an exothermic reaction ?<br>**Because heat is produced in this reaction** |


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 45. | मनुष्य में शरीर की मुद्रा और संतुलन किसके द्वारा नियंत्रित होता है ?<br>**सेरिबैलम**<br>In human beings, the posture and balance of the body is controlled by<br>**Cerebellum** |
| 46. | 1 घंटा 40 मिनट का $12\frac{1}{2}\%$ क्या है ?<br>**12.5 मिनट**<br>$12\frac{1}{2}\%$ of 1 hour 40 mins is<br>**12.5 mins** |
| 47. | 2 संख्याओं का गुणनफल 1530 है और उनका म.स.प. 15 है, तो उनका ल.स.प. क्या है ?<br>**102**<br>The product of 2 numbers is 1530 and their HCF is 15, then their LCM is<br>**102** |
| 48. | निम्नलिखित में से कौन-सी अभाज्य संख्या नहीं है ?<br>**57**<br>Which among the following is not a prime number ?<br>**57** |
| 49. | यदि आप किसी संख्या से $\frac{1}{2}$ घटाते हैं और परिणाम को $\frac{1}{2}$ से गुणा करते हैं, तो आपको $\frac{1}{8}$ मिलता है । संख्या क्या है ?<br>$\mathbf{\frac{3}{4}}$<br>If you subtract $\frac{1}{2}$ from a number and multiply the result by $\frac{1}{2}$, you get $\frac{1}{8}$. The number is<br>$\mathbf{\frac{3}{4}}$ |

REVISED ANSWERS



परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 50. | $\sqrt{290}$ किस दो लगातार पूर्णांकों के बीच स्थित है ?<br>**17 और 18**<br>Between which two consecutive integers does $\sqrt{290}$ lie ?<br>**17 and 18** |
| 51. | सुकेत की तीन बेटियाँ हैं और प्रत्येक बेटी का एक भाई है । परिवार में कितने पुरुष सदस्य हैं ?<br>**पूर्णांक**<br>Suket has three daughters and each daughter has a brother. How many male members are there in the family ?<br>**Full mark** |
| 52. | एक सही घड़ी की मिनट की सुई 2 घंटे 20 मिनट में कितनी कोणीय दूरी तय करेगी ?<br>**840°**<br>How much angular distance will be covered by the minute hand of a correct clock in a period of 2 hours 20 minutes ?<br>**840°** |
| 53. | अमित की आयु सुमित के समान है क्योंकि वे जुड़वाँ हैं, ऋचा सुमित से छोटी है, ऋचा ज्योत्सना से छोटी है लेकिन सौरभ से बड़ी है, सुमित ज्योत्सना से छोटा है । उनमें सबसे बड़ा कौन है ?<br>**ज्योत्सना**<br>The age of Amit is same as Sumit because they are twins, Richa is younger than Sumit, Richa is younger than Jyotsana but elder than Saurabh, Sumit is younger than Jyotsana. Who is the eldest among them ?<br>**Jyotsana** |
| 54. | निम्नलिखित में से भिन्न शब्द चुनिए ।<br>**चमगादड़**<br>Find the odd word from the following.<br>**Bat** |

REVISED ANSWERS

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 55. | निम्नलिखित संख्या शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा ?<br>4, 12, 36, 108, 324, ?<br>**972**<br>What comes in place of question mark (?) in the following number series ?<br>4, 12, 36, 108, 324, ?<br>**972** |
| 56. | निम्नलिखित में से किसे 2024 में पैरा–तैराकी के लिए अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) मिला ?<br>**मुरलीकांत राजाराम पेटकर**<br>Who among the following received the Arjun Award (Lifetime) in 2024 for Para-Swimming ?<br>**Murlikant Rajaram Petkar** |
| 57. | 18 वां प्रवासी भारतीय दिवस (PBD) सम्मेलन 2025 कहाँ आयोजित किया गया था ?<br>**भुबनेश्वर**<br>Where was the 18th Pravasi Bharatiya Divas (PBD) Convention 2025 held ?<br>**Bhubaneshwar** |
| 58. | भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (IBCA) कब शुरू किया गया था ?<br>**9 अप्रैल, 2023**<br>When was the International Big Cat Alliance (IBCA) launched by India ?<br>**9 April, 2023** |
| 59. | 26 दिसंबर, 2024 को किस देश ने बायरक्टर अकिंसी ड्रोन से सुपरसोनिक मिसाइल UAV-122 का सफल परीक्षण किया ?<br>**तुर्की**<br>On 26 December, 2024, which country successfully tested the firing of the supersonic missile UAV-122 from the Bayraktar Akinci drone ?<br>**Turkey** |

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

REVISED ANSWERS

| | | |
|---|---|---|
| 60. | 2025 में कुल कितने पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई, जिसमें एक युगल मामला (एक के रूप में गिना गया) भी शामिल है ?<br>**139**<br>How many total Padma Awards were announced in 2025, including a duo case (counted as one) ?<br>**139** |
| 61. | जस्टिन ट्रूडो, जिन्होंने 6 जनवरी, 2025 को अपने इस्तीफे की घोषणा की, किस देश के प्रधानमंत्री थे ?<br>**कनाडा**<br>Justin Trudeau, who announced his resignation on 6 January, 2025, served as the Prime Minister of which country ?<br>**Canada** |
| 62. | मनीष सिंघल को 1 जनवरी, 2025 को _________ का महासचिव नियुक्त किया गया ।<br>**एसोसिएटेड चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ASSOCHAM)**<br>Manish Singhal was appointed as the Secretary General of ___________ on 1 January, 2025.<br>**Associated Chambers of Commerce and Industry of India (ASSOCHAM)** |
| 63. | भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) तत्काल सीमा-पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए किस अंतर्राष्ट्रीय पहल में शामिल हुआ है ?<br>**प्रोजेक्ट नेक्सस**<br>Which international initiative has the Reserve Bank of India (RBI) joined to enable instant cross-border retail payments ?<br>**Project Nexus** |
| 64. | अभ्यास साइक्लोन 2025 भारत और किस देश के बीच आयोजित किया जा रहा है ?<br>**मिस्र**<br>Exercise CYCLONE 2025 is conducted between India and which country ?<br>**Egypt** |

परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 65. | भारत का पहला विदेशी जन औषधि केंद्र किस देश में शुरू हुआ ?<br>**मॉरीशस**<br>India's first overseas Jan Aushadi Kendra was installed in<br>**Mauritius** |
| 66. | 'माच' किस राज्य का एक पारंपरिक लोक नाट्य रूप है ?<br>**मध्य प्रदेश**<br>'Maach' is a traditional folk theatre form of which State ?<br>**Madhya Pradesh** |
| 67. | क्यूबा की राजधानी क्या है ?<br>**हवाना**<br>What is the capital of Cuba ?<br>**Havana** |
| 68. | रसिया गीत किस राज्य का क्षेत्रीय गीत है ?<br>**उत्तर प्रदेश**<br>Rasiya Geet is a regional song of which State ?<br>**Uttar Pradesh** |
| 69. | धन विधेयक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?<br>**इसे केवल लोकसभा में पेश किया जा सकता है**<br>Which of the following statement is true regarding the Money bill ?<br>**It can be introduced only in the Lok Sabha** |
| 70. | 27 सितंबर को ________ के रूप में मनाया जाता है ।<br>**विश्व पर्यटन दिवस**<br>$27^{th}$ September is observed as<br>**World Tourism Day** |

REVISED ANSWERS

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 71. | अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?<br><br>**मॉन्ट्रियल**<br><br>The International Civil Aviation Organisation (ICAO) has its Headquarters in<br><br>**Montreal** |
| 72. | केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भारत के किस राज्य में स्थित है ?<br><br>**राजस्थान**<br><br>Keoladeo National Park is located in which Indian State ?<br><br>**Rajasthan** |
| 73. | भारत अपनी भूमि सीमा कितने देशों के साथ साझा करता है ?<br><br>**7**<br><br>India shares its land boundaries with how many countries ?<br><br>**7** |
| 74. | भारत ने 1983 क्रिकेट विश्व कप फाइनल में किस टीम को हराया था ?<br><br>**वेस्टइंडीज़**<br><br>India defeated which team in the 1983 Cricket World Cup final ?<br><br>**West Indies** |
| 75. | रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?<br><br>**1958**<br><br>Defence Research and Development Organization (DRDO) was established in the year<br><br>**1958** |

REVISED ANSWERS


परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

निर्देश (प्र.सं. 76 – 80) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें ।

दिया गया बार ग्राफ पाँच अलग-अलग दुकानों में बेची गई सब्जियों (गाजर और मूली) (किलोग्राम में) की मात्रा को दर्शाता है ।

**Direction (Q. No. 76 – 80) :** Study the following information carefully and answer the questions given below.

The given bar graph shows the quantity of vegetables (Carrot and Radish ) (in kg) sold in five different shops.




76. F में बेचे गए मूली की मात्रा A, C और D में बेचे गए मूली की औसत मात्रा है और F में बेचे गए मूली और गाजर का अनुपात 4 : 5 है । F में बेचे गए गाजर की मात्रा ज्ञात कीजिए ।

**780 kg**

The quantity of Radish sold in F is the average quantity of Radish sold in A, C and D together and the ratio of the Radish to Carrot sold in F is 4 : 5. Find the quantity of Carrot sold in F.

**780 kg**



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ


| | |
|---|---|
| 77. | B और D में बेचे गए गाजर की मात्रा E में बेची गई सब्जियों की कुल मात्रा का कितना प्रतिशत है ?<br>**87.8%**<br>The quantity of Carrot sold in B and D together is what percent of the total quantity of vegetables sold in E ?<br>**87.8%** |
| 78. | A में बेचे गए कद्दू की मात्रा A और B में बेचे गए मूली की मात्रा और C और D में बेचे गए गाजर की मात्रा के बीच का अंतर है । A में बेची गई सब्जियों की कुल मात्रा ज्ञात कीजिए । (गाजर, मूली और कद्दू)<br>**1152 kg**<br>The quantity of Pumpkin sold in A is the difference between the quantity of Radish sold in A and B together and the quantity of Carrot sold in C and D together. Find the total quantity of vegetables sold in A (Carrot, Radish and Pumpkin).<br>**1152 kg** |
| 79. | B और F में बेची गई सब्जियों की कुल मात्रा का अनुपात 32 : 35 है । F और D में बेची गई सब्जियों की संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए ।<br>**108 kg**<br>The ratio of the total quantity of vegetables sold in B and F is 32 : 35. Find the difference between the number of vegetables sold in F and D.<br>**108 kg** |
| 80. | सभी दुकानों में गाजर और मूली की मात्रा में क्या अंतर है ?<br>**612 kg**<br>What is the difference between the quantity of Carrot and Radish in all the shops together ?<br>**612 kg** |

REVISED ANSWERS

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

निर्देश (प्र.सं. 81 – 85) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें ।
नीचे दिए गए रेखा ग्राफ चार अलग-अलग दुकानों यानी A, B, C और D द्वारा बेचे गए बॉल प्वाईंट पेन की संख्या को दर्शाता है और साथ ही चार अलग-अलग दुकानों द्वारा बेचे गए जेल पेन की संख्या और चार अलग-अलग दुकानों द्वारा बेचे गए फाउंटेन पेन की संख्या भी दी गई है ।

**Direction (Q. No. 81 – 85) :** Study the following information carefully and answer the questions.
The given line graph shows the number of ball point pens sold by four different shops i.e. A, B, C and D and also given the number of gel pens sold by four different shops and the number of fountain pens sold by four different shops.




81. दुकान F द्वारा बेचे गए कुल पेन में से 40% पेन फाउंटेन पेन है । यदि दुकान D द्वारा बेचे गए फाउंटेन पेन की संख्या का दुकान F से अनुपात 3 : 4 है, तो दुकान F द्वारा बेचे गए पेन की कुल संख्या ज्ञात कीजिए ।

**600**

Out of the total number of pens sold by shop F, 40% of the pens are fountain pens. If the ratio of the number of fountain pen sold by shop D to shop F is 3 : 4, then find the total number of pens sold by shop F.

**600**


परीक्षा नियंत्रक
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 82. | यदि दुकान E द्वारा बेचे गए बॉल प्वाईंट, जेल और फाउंटेन पेन की कुल संख्या दुकान C की तुलना में 33.33% कम है और दुकान C द्वारा बेचे गए फाउंटेन पेन की संख्या का दुकान E से अनुपात 7 : 5 है, तो दुकान E द्वारा बेचे गए बॉल प्वाईंट और जेल पेन की कुल संख्या ज्ञात कीजिए ।<br>**320**<br>If the total number of ball point, gel and fountain pens sold by shop E is 33.33% less than that of shop C and the ratio of the number of fountain pens sold by shop C to shop E is 7 : 5, then find the total number of ball point and gel pens sold by shop E.<br>**320** |
| 83. | दुकान A द्वारा बेचे गए बॉल प्वाईंट और फाउंटेन पेन की कुल संख्या और दुकान D द्वारा बेचे गए बॉल प्वाईंट पेन की कुल संख्या के बीच अंतर ज्ञात करें ।<br>**230**<br>Find the difference between the total number of ball point and fountain pens sold by shop A and the total number of ball point pens sold by shop D.<br>**230** |
| 84. | दुकान A द्वारा बेचे गए बॉल प्वाईंट पेन की कुल संख्या दुकान A और B द्वारा बेचे गए फाउंटेन पेन की कुल संख्या से अनुपात ज्ञात करें ।<br>**1 : 4**<br>Find the ratio of the total number of ball point pens sold by shop A to the total number of fountain pens sold by shops A and B together.<br>**1 : 4** |
| 85. | दुकान A और B द्वारा बेचे गए जेल पेन की कुल संख्या दुकान B द्वारा बेचे गए बॉल प्वाईंट पेन की कुल संख्या का कितना प्रतिशत है ?<br>**120%**<br>The total number of gel pens sold by shops A and B together is what percentage of the total number of ball point pens sold by shop B ?<br>**120%** |

REVISED ANSWERS

परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

निर्देश (प्र.सं. 86 – 90) : तालिका का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें ।

P और Q द्वारा चार अलग-अलग महीनों में लिखे गए कुल पृष्ठ (हिन्दी + अंग्रेजी) दिए गए हैं ।

**Direction (Q. No. 86 – 90) :** Study the table and answer the questions.

Total pages (Hindi + English) written by P and Q in four different months given.

| महीना Month | P | Q |
|---|---|---|
| मई May | 240 | 340 |
| जून June | 320 | 234 |
| जुलाई July | 420 | 280 |
| अगस्त August | 220 | 360 |

86. मई और जून में P द्वारा लिखे गए कुल पृष्ठ, मई और अगस्त में Q द्वारा लिखे गए कुल पृष्ठों का लगभग कितना प्रतिशत है ?

**80%**

Total pages written by P in May and June together is approximately, what percent of the total pages written by Q in May and August together ?

**80%**

87. जुलाई में Q द्वारा लिखे गए कुल पृष्ठों का 28.57% हिन्दी में है । Q द्वारा जुलाई में कितने अंग्रेजी पृष्ठ लिखे गए ?

**200**

28.57% of the total pages written by Q in July is in Hindi. How many English pages are written by Q in July ?

**200**

88. सभी महीनों में P द्वारा लिखे गए औसत पृष्ठ क्या हैं ?

**300**

What are the average pages written by P in all the months together ?

**300**

89. मई में P और Q दोनों द्वारा लिखे गए कुल पृष्ठों और जुलाई में P और Q दोनों द्वारा लिखे गए कुल पृष्ठों के बीच क्रमशः अनुपात क्या है ?

**29 : 35**

What is respective ratio between the total pages written by both P and Q in May and the total pages written by both P and Q in July ?

**29 : 35**



परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 90. | जून में P द्वारा लिखे गए पृष्ठों का प्रतिशत Q की तुलना में समान महीने में कितना अधिक है ?<br>**36.75%**<br>How much more percentage of pages written by P in June as compared to Q in same month ?<br>**36.75%** |
| | **निर्देश (प्र.सं. 91 – 95) :** तालिका का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें ।<br>अलग-अलग महीनों में पाँच अलग-अलग दुकानों द्वारा बेचे गए लैपटॉप ।<br>**Direction (Q. No. 91 – 95) :** Study the table and answer the questions.<br>Laptop sold by five different stores in different months. |

| स्टोर<br>Store | जून<br>June | जुलाई<br>July | मई<br>May | अक्टूबर<br>October |
|---|---|---|---|---|
| I | 240 | 342 | 234 | 210 |
| J | 230 | 234 | 432 | 242 |
| K | 120 | 338 | 235 | 234 |
| L | 280 | 348 | 342 | 178 |
| M | 326 | 456 | 362 | 148 |

| | |
|---|---|
| 91. | मई में स्टोर K, L और M द्वारा बेचे गए लैपटॉप की औसत (लगभग) संख्या ज्ञात कीजिए ।<br>**313**<br>Find the average (approx.) number of laptop sold by stores K, L and M in May.<br>**313** |
| 92. | यदि जून में स्टोर L द्वारा बेचे गए 37.5% लैपटॉप दोषपूर्ण हैं, तो जून में स्टोर L द्वारा बेचे गए गैर-दोषपूर्ण लैपटॉप ज्ञात कीजिए ।<br>**175**<br>If 37.5% of laptop sold by store L in June is defective, then find the non-defective laptop sold by store L in June.<br>**175** |
| 93. | जुलाई और अक्टूबर में स्टोर J द्वारा बेचे गए लैपटॉप की संख्या मई और जून में स्टोर M द्वारा बेचे गए लैपटॉप का कितना प्रतिशत है ?<br>**69.18%**<br>Number of laptop sold by store J in July and October together is what percent of the laptop sold by store M in May and June ?<br>**69.18%** |



परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 94. | जून में स्टोर K और L द्वारा बेचे गए लैपटॉप और मई में I और M द्वारा बेचे गए लैपटॉप का अनुपात क्या है ?<br>**100 : 149**<br>What is the ratio of the laptop sold by store K and L in June and the laptop sold by I and M in May ?<br>**100 : 149** |
| 95. | अक्टूबर में स्टोर I द्वारा बेचे गए कुल लैपटॉप, दुकान में कुल लैपटॉप का 71.42% है । अक्टूबर महीने में स्टोर I में न बिकने वाले लैपटॉप की संख्या ज्ञात करें ।<br>**84**<br>In October total laptop sold by store I is 71.42% of total laptop in the shop. Find the number of unsold laptop in store I in the month of October.<br>**84** |
| 96. | Choose the correct question tag for the following statement.<br>The windows are open, _______<br>**aren't they ?** |
| 97. | Choose the word which is nearest in meaning (synonym) to the given word.<br>Admire<br>**Praise** |
| 98. | Choose the indirect form of the given sentence.<br>I said, "The teacher likes me".<br>**I said that the teacher liked me.** |
| | **Direction (Q. No. 99 and 100) :** Read the passage and choose the correct option to answer the questions that follow :<br><br>**Advances in Electric Vehicles**<br><br>Electric Vehicles (EVs) have gained popularity as an alternative to traditional gasoline-powered cars. They offer environmental benefits, such as reduced greenhouse gas emissions and lower air pollution. Many countries are investing in EV infrastructure, including charging stations, to support the widespread adoption of electric vehicles. |
| 99. | Which of the following is a type of EV infrastructure ?<br>**Charging stations** |
| 100. | Why are countries investing in EV infrastructure ?<br>**To support EV adoption** |

REVISED ANSWERS

परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ